Regarding construction of a new building of ICAR-Central Institute for Research on Cattle in Hapur district, Uttar Pradesh-laid

श्री राजेन्द्र अग्रवाल **(मेरठ):** मेरठ में गोवंश पर अनुसंधान को समर्पित केंद्रीय गोवंश अनुसंधान संस्थान है। यह संस्थान सेना द्वारा 30 वर्ष की लीज पर दी गई 32 एकड़ भूमि पर स्थित है। इस भूमि की लीज जुलाई 2025 में समाप्त हो रही है तथा अपने बढ़ते हुए कार्यों का संपादन करने के लिए संस्थान का विस्तार करने हेतु अतिरिक्त न्यूनतम 100 एकड़ भूमि की आवश्यकता संस्थान को है। संस्थान को अपेक्षित भूमि उपलब्ध कराने के लिए किए गए प्रयासों के परिणाम स्वरूप मेरठ संसदीय क्षेत्र के ही अंतर्गत हापुड़ जनपद में बाबूगढ़ के निकट 150 एकड़ भूमि का आवंटन प्रदेश सरकार द्वारा संस्थान को किया गया है तथा यह भूमि दिनांक 23 अगस्त 2023 को संस्थान को हस्तांतरित हो गई है। मेरा सरकार से अनुरोध है कि उपरोक्त भूमि पर संस्थान के नवीन भवन का निर्माण कार्य शीघ्र आरंभ कराए जाने का कष्ट करें।